भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से सीएसजेएमयू का करार

जासं, कानपुर : छत्रपति शाहूजी महाराज विवि (सीएसजेएमयू) के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कौशल ज्ञान, नवाचार और उद्यमिता विकास के लिए गांधीनगर, गुजरात स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के निदेशक डा. सुनील शुक्ला के साथ करार किया है। लखनऊ स्थित राजभवन में एमओयू (करार) के दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। अब दोनों संस्थान एक-दूसरे को तकनीक और नवाचार में सहयोग करेंगे।

कुलपति ने बताया कि प्रस्तावित शिक्षण विकास कार्यक्रम (एफडीपी), सीएसजेएमयू में आनलाइन और आफलाइन प्रक्रिया में विशेष रूप से परिसर और विवि से संबद्ध कालेजों के शिक्षकों, प्रशिक्षकों के लिए डिजाइन किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को उनके संस्थानों में उद्यमिता विकास के लिए अनुकूल परिस्थितिकी यंत्र बनाने के लिए उपरिकेंद्र स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान संस्थान के स्तर पर संचालित हो रहे उद्यमिता के पाठ्यक्रमों पर चर्चा भी हुई। इसके साथ बिजनेस सिमुलेशन प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को समझने में प्रतिभागियों की मदद करने के लिए रूपरेखा भी बनाई गई।। करार के मौके पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश गुप्ता, विशेष कार्य अधिकारी पंकज जानी, विवि के कुलसचिव अनिल यादव, प्रो. सुविज्ञा अवस्थी व डा. शिल्पा कायस्थ रहे।

CS Scanned with CamScanner